प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

24 नवंबर 2023

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना के अंतर्गत अंतिम मोचन – 30 नवंबर 2023 को देय एसजीबी 2015-I के अंतिम मोचन के लिए मूल्य

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना पर भारत सरकार की दिनांक 30 अक्तूबर 2015 की अधिसूचना एफ.सं.4(19)-डब्ल्यूएंडएम/2014 (एसजीबी 2015-I - जारी करने की तारीख 30 नवंबर 2015) के अनुसार, स्वर्ण बॉण्ड, जारी होने की तारीख से आठ वर्ष की अवधि के बाद चुकौती-योग्य होंगे। तद्नुसार, उपरोक्त शृंखला की अंतिम मोचन तिथि 30 नवंबर 2023 होगी।

2. एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित 999 शुद्धता वाले स्वर्ण के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा। तद्नुसार, 30 नवंबर 2023 को देय अंतिम मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹6132/- (छह हजार एक सौ बत्तीस रुपये मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा, जो 20 - 24 नवंबर 2023 सप्ताह के लिए स्वर्ण के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा।

श्वेता शर्मा
उप महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1359